Tel. & Fax : 01564-220200
Web : www.mgcsrdr.com
Email : officekdgd@gmail.com

Smt. Kamla Devi Gauridutt Mittal Mahila Mahavidyalaya
Sardarshahar – 331403, Churu (Rajasthan)
Sponsored by Mittal Charities, Mumbai
Approved by NCTE & DCE, Raj. Affiliated To M.G.S. University, Bikaner & Recognized by UGC (2F & 12B)

Date :- 26.01.2023

**–:: प्रेस नोट ::–**

सरदारशहर। श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय में गुरूवार को 74वां गणतन्त्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सदस्य डॉ0 नवरतनमल सोनी, डॉ0 अमित बैद, डॉ0 महिमा शर्मा, श्री बजरंग लाल सोनी, वार्ड पार्षद श्री मदन औझा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक तथा जी.डी. मित्तल के प्रधानाध्यापक श्री रमाकान्त शर्मा ने झंडा फहराया।

छात्राओं की परेड ने राष्ट्रध्वज को सलामी दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं व जी.डी. मित्तल स्कूल के छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति गीत एवं नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रियंका पूर्वा ने किया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय व विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थी। इसी अवसर पर महाविद्यालय आईक्यूएसी की ई–बुलेटिन समिति द्वारा निर्मित ई–बुलेटिन का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। महाविद्यालय में बसन्त पंचमी के उपलक्ष में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बी.एससी. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा महक सोनी ने प्रथम, बी.ए. बी.एड. चतुर्थ वर्ष की छात्रा भूमिका शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा अंजलि सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में व्याख्याता डॉ0 मीनाक्षी, श्री कमल कान्त सुथार तथा डॉ0 मीना शेखावत सम्मिलित थे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक व आईक्यूएसी निर्देशक सुश्री रीना वर्मा ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

26/01/23

(डॉ0 मृत्युंजय कुमार पारीक)
प्राचार्य

MGC COU. 76